Series HMJ/C

SET-1

कोड नं. Code No. 64/C/1

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19 + 2** मानचित्र हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **19** printed pages + **2** Maps. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) | Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं । | (III) | Please check that this question paper contains **30** questions. |
| (IV) | कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें । | (IV) | Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it. |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# भूगोल (सैद्धान्तिक)
# GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*



collegedunia India's largest Student Review Platform

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *प्रश्न-पत्र **तीन** खण्डों में विभाजित किया गया है – **क, ख** एवं **ग** ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में प्रश्नों की संख्या 30 है । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(iii)* ***खण्ड क** में प्रश्न संख्या **1** से **18** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है । उत्तर पुस्तिका में केवल सही उत्तर लिखिए ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **19** से **22** तक लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **80** से **100** शब्दों में लिखिए ।*

*(v)* ***खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **23** से **28** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **150** शब्दों में लिखिए ।*

*प्रश्न संख्या **29** से **30** मानचित्र संबंधित हैं जो कि क्रमशः भौगोलिक विशेषताओं की पहचान करने तथा स्थान निर्धारण करने और नाम लिखने से संबंधित हैं, प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है ।*

*(vi)* *दिए गए भारत और विश्व की रूपरेखा के मानचित्रों को भरकर उत्तरपुस्तिका में नत्थी कीजिए ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा बिन्दुवार होने चाहिए और साथ ही उपर्युक्त शब्द सीमा का यथासंभव पालन कीजिए ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि एक-एक अंक वाले **3** प्रश्नों में, तीन-तीन अंकों वाले **1** प्रश्न में, पाँच-पाँच अंकों वाले **4** प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में से **केवल एक ही विकल्प का उत्तर** लिखिए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

*(x)* *रूपरेखा **मानचित्रों** को खींचनें के लिए टेम्प्लेट या स्टेंसिल का उपयोग करने की अनुमति है ।*

## खण्ड क

**1.** संयुक्त राज्य अमेरिका (सं.रा.अ.) के नगरीय क्षेत्रों में महिलाओं की अधिकता का निम्नलिखित में से कौन-सा मुख्य कारण है ? *1*

(A) पुरुष ग्रामीण क्षेत्रों में रहने को प्राथमिकता देते हैं

(B) पुरुषों का दूसरे देशों में प्रवास करना

(C) नर शिशु की निम्न जन्म दर

(D) विशाल रोज़गार के सुअवसरों का लाभ उठाने के लिए महिलाओं का ग्रामीण क्षेत्रों से नगरीय क्षेत्रों को अन्तर्प्रवाह


collegedunia
India's largest Student Review Platform

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper comprises **three** Sections – **A, B** and **C**.*

*(ii)* *There are 30 questions in the question paper. **All** questions are compulsory.*

*(iii)* ***Section A** – Question nos. **1** to **18** are multiple choice questions (MCQs) carrying **1** mark each. Write only the correct answer in your answer sheet.*

*(iv)* ***Section B** – Question nos. **19** to **22** are short answer type questions carrying **3** marks each. Answer to them should not exceed **80 – 100** words each.*

*(v)* ***Section C** – Question nos. **23** to **28** are long answer type questions carrying **5** marks each. Answer to them should not exceed **150** words each.*

*Question numbers **29** to **30** are MAP questions related to identification and locating and labelling of geographical features respectively, carrying **5** marks each.*

*(vi)* *The outline map of India and World provided to you must be attached within your answer sheet.*

*(vii)* *Answers should be brief and to the point and the above word limit be adhered to as far as possible.*

*(viii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in **3** questions of one mark, **1** question of three marks, **4** questions of five marks and map question. You have to attempt **Only one of the choices** in such questions.*

*(ix)* *However, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

*(x)* *Use of template or stencils for drawing outline maps is allowed.*

## SECTION A

**1.** Which one of the following is a main cause for the excess of females in urban areas of United States of America (USA) ? *1*

(A) Males prefer to live in rural areas

(B) Out-migration of males to other countries

(C) Low birth rate of male child

(D) Influx of females from rural to urban areas to avail vast job opportunities


collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सा जनसंख्या की वास्तविक वृद्धि दर्शाता है ? *1*

(A) किसी क्षेत्र विशेष में दो समयों के बीच जनसंख्या में परिवर्तन

(B) जन्म और मृत्यु के अन्तर से बढ़ने वाली जनसंख्या

(C) जन्म और मृत्यु के अन्तर से बढ़ने वाली जनसंख्या + आप्रवास – उत्प्रवास

(D) जन्म + आप्रवास से जनसंख्या में वृद्धि

**3.** निम्नलिखित देशों में से किस एक में 'सहकारी कृषि' बहुत सफल है ? *1*

(A) भारत

(B) चीन

(C) डेनमार्क

(D) जर्मनी

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सा तृतीयक क्रियाकलाप है ? *1*

(A) कृषि

(B) मत्स्यन

(C) खनन

(D) पढ़ाना

**5.** संसार के किस भाग में 'कर्तन और दहन' कृषि को 'झूमिंग' के रूप में जाना जाता है ? *1*

(A) जापान के होकेडो प्रदेश

(B) मध्य अमेरिका

(C) भारत के उत्तर-पूर्वी राज्य

(D) पूर्वी इण्डोनेशिया

**6.** निम्नलिखित बस्तियों के प्रतिरूपों में से कौन-सा सड़कों के किनारे विकसित होता है ? *1*

(A) आयताकार प्रतिरूप

(B) टी-आकार प्रतिरूप

(C) तारे के आकार का प्रतिरूप

(D) रैखिक प्रतिरूप

**7.** मूलतः अलग-अलग नगरों या शहरों के आपस में मिल जाने से एक विशाल नगरीय विकास क्षेत्र बन जाता है । उसे निम्नलिखित नामों में से कौन-सा नाम दिया जाता है ? *1*

(A) विश्वनगरी

(B) मेगा सिटी

(C) मिलियन सिटी

(D) सन्नगर



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**2.** Which one of the following refers to actual growth of population ? *1*

(A) Change of population in a particular area between two points of time

(B) Population increases by difference between births and deaths

(C) Population increases by the difference of births and deaths plus in-migration minus out-migration

(D) Increase in population by births plus in-migration

**3.** In which one of the following countries is 'cooperative farming' very successful ? *1*

(A) India

(B) China

(C) Denmark

(D) Germany

**4.** Which one of the following is a tertiary activity ? *1*

(A) Farming

(B) Fishing

(C) Mining

(D) Teaching

**5.** In which part of the world is 'slash and burn' agriculture known as 'Jhuming' ? *1*

(A) Hokkaido region of Japan

(B) Central America

(C) North-Eastern States of India

(D) Eastern Indonesia

**6.** Which one of the following patterns of settlements develops on either side of a road ? *1*

(A) Rectangular pattern

(B) T-shaped pattern

(C) Star-shaped pattern

(D) Linear pattern

**7.** Which one of the following names is given to a large area of urban development that resulted from the merging of originally separate towns or cities ? *1*

(A) Megalopolis

(B) Mega City

(C) Million City

(D) Conurbation



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

8. निम्नलिखित में से कौन-सा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा निर्धारित नगरीय रणनीति का अंग ***नहीं*** है ? *1*

(A) आधारभूत सेवाएँ, शिक्षा, सफाई व स्वच्छ जल का प्रावधान
(B) ऊर्जा उपयोग तथा वैकल्पिक परिवहन तंत्र को उन्नत बनाना
(C) महिलाओं की मूलभूत सेवाओं तक पहुँच में सुधार
(D) पुरुषों के लिए आप्रवास में प्राथमिकता

9. निम्नलिखित में से कौन-सी नगरों की सामाजिक समस्या ***नहीं*** है ? *1*

(A) शैक्षिक और स्वास्थ्य सुविधाओं की अप्राप्यता
(B) रोज़गार की कमी
(C) पुरुष चयनात्मक प्रवास
(D) अनुचित मलजल प्रणाली

10. निम्नलिखित में से कौन-सा 'भारत की राष्ट्रीय युवा नीति' का 'सबल बिन्दु' ***नहीं*** है ? *1*

(A) निर्णय लेने में सहभागिता
(B) योग्य नेता के दायित्वों का वहन करना
(C) महिलाओं और लड़कियों को सबल बनाना
(D) पुरुष उत्प्रवास

11. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत के निम्नलिखित राज्यों में से किसमें नगरीकरण का सबसे कम स्तर है ? *1*

(A) झारखण्ड
(B) हिमाचल प्रदेश
(C) बिहार
(D) असम

12. किस प्रकार की ग्रामीण बस्तियाँ, गुजरात के मैदान और राजस्थान के कुछ भागों में व्यापक रूप से पाई जाती हैं ? *1*

(A) गुच्छित बस्तियाँ
(B) अर्ध-गुच्छित बस्तियाँ
(C) पल्ली बस्तियाँ
(D) परिक्षिप्त बस्तियाँ

**अथवा**

किस प्रकार की ग्रामीण बस्तियाँ, गंगा के मध्य और निम्न मैदानों में व्यापक रूप से पाई जाती हैं ? *1*

(A) गुच्छित बस्तियाँ
(B) अर्ध-गुच्छित बस्तियाँ
(C) पल्ली बस्तियाँ
(D) परिक्षिप्त बस्तियाँ



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**8.** Which one of the following is ***not*** a part of urban strategy as outlined by UNDP ? *1*

(A) Provision of basic services, education, sanitation and clean water

(B) Upgrading energy use and alternative transport system

(C) Improving women's access to basic services

(D) Preference for male in-migration

**9.** Which one of the following is ***not*** a social problem faced by the towns ? *1*

(A) Non-availability of educational and health facilities

(B) Lack of employment

(C) Male selective migration

(D) Improper sewage system

**10.** Which one of the following is ***not*** a 'thrust point' of 'National Youth Policy of India' ? *1*

(A) Participation in decision-making

(B) Carrying the responsibility of an able leader

(C) Empowering women and girls

(D) Male out-migration

**11.** Which one of the following States has the lowest level of urbanisation in India as per 2011 census ? *1*

(A) Jharkhand

(B) Himachal Pradesh

(C) Bihar

(D) Assam

**12.** Which type of rural settlements are largely found in Gujarat plains and in some parts of Rajasthan ? *1*

(A) Clustered settlements

(B) Semi-clustered settlements

(C) Hamleted settlements

(D) Dispersed settlements

**OR**

Which type of rural settlements are largely found in Middle and Lower Ganga plains ? *1*

(A) Clustered settlements

(B) Semi-clustered settlements

(C) Hamleted settlements

(D) Dispersed settlements



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

13. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत में सबसे बड़ा 'नगरीय संकुल' है ? *1*

(A) कोलकाता

(B) वृहद् मुम्बई

(C) दिल्ली

(D) चेन्नई

14. भारत में निम्नलिखित राज्यों में से कौन-सा 'अभ्रक' का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है ? *1*

(A) गुजरात

(B) छत्तीसगढ़

(C) बिहार

(D) झारखण्ड

**अथवा**

भारत में निम्नलिखित राज्यों में से कौन-सा 'बॉक्साइट' का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है ? *1*


(A) महाराष्ट्र

(B) राजस्थान

(C) ओडिशा

(D) आन्ध्र प्रदेश

15. नीचे दी गई तालिका में उपयुक्त शब्दों से A और B के रिक्त स्थानों को पूरा कीजिए : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$




16. निम्नलिखित कारणों में से किसके कारण कोंकण रेलवे को अभियांत्रिकी का एक अनूठा चमत्कार माना जाता है ? *1*

(A) यह 760 किमी लम्बा रेलमार्ग है ।

(B) यह सुरंगों को पार करता है ।

(C) यह 146 नदियों व धाराओं, 2000 पुलों एवं 91 सुरंगों को पार करता है ।

(D) यह महाराष्ट्र, गोवा तथा कर्नाटक को जोड़ता है ।



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**13.** Which one of the following is the largest 'Urban Agglomeration' in India ? *1*

(A) Kolkata

(B) Greater Mumbai

(C) Delhi

(D) Chennai

**14.** Which one of the following States is the largest producer of 'Mica' in India ? *1*

(A) Gujarat

(B) Chhattisgarh

(C) Bihar

(D) Jharkhand

**OR**

Which one of the following States is the largest producer of 'Bauxite' in India ? *1*


(A) Maharashtra

(B) Rajasthan

(C) Odisha

(D) Andhra Pradesh

**15.** Complete the following table by writing the appropriate terms at A and B : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$




**16.** For which one of the following reasons, is Konkan Railway considered an engineering marvel ? *1*

(A) It is 760 kms long.

(B) It passes through tunnels.

(C) It crosses 146 rivers or streams, 2000 bridges and 91 tunnels.

(D) It connects Maharashtra, Goa and Karnataka.

collegedunia.com India's largest Student Review Platform



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**17.** निम्नलिखित में से किस समूह में 'स्वर्णिम चतुर्भुज' के सबसे उत्तरी और सबसे पूर्वी बिन्दु हैं ? *1*

(A) दिल्ली और मुम्बई

(B) वाराणसी और चेन्नई

(C) अमृतसर और इलाहाबाद

(D) दिल्ली और कोलकाता

**अथवा**

निम्नलिखित में से कौन-सा 'उत्तर-दक्षिण गलियारे' का सबसे उत्तरी बिन्दु है ? *1*

(A) दिल्ली

(B) चंडीगढ़

(C) श्रीनगर

(D) लेह

**18.** निम्नलिखित में से कौन-सा अम्ल वर्षा का कारण है ? *1*

(A) जल प्रदूषण

(B) वायु प्रदूषण

(C) भू प्रदूषण

(D) ध्वनि प्रदूषण

## खण्ड ख

**19.** "भूगोल में भौतिक और मानवीय परिघटनाओं का वर्णन, मानव शरीर रचना-विज्ञान से प्रतीकों का प्रयोग करते हुए, रूपकों के रूप में किया जाता है ।" उदाहरण देकर इस कथन की व्याख्या कीजिए । *1×3=3*

**20.** अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार किस प्रकार देशों के लिए हानिकारक हो सकता है ? व्याख्या कीजिए । *3*

**अथवा**

अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का होना राष्ट्रों के लिए किस प्रकार पारस्परिक लाभदायक होता है ? व्याख्या कीजिए । *3*

**21.** "भारत में नगरीय अपशिष्ट निपटान एक गंभीर समस्या बन गया है ।" इस कथन की पुष्टि कीजिए । *3*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**17.** Which of the following groups has the Northernmost and Easternmost nodes of the Golden Quadrilateral ? *1*

(A) Delhi and Mumbai

(B) Varanasi and Chennai

(C) Amritsar and Allahabad

(D) Delhi and Kolkata

**OR**

Which one of the following is the Northernmost point on the 'North-South Corridor' ? *1*

(A) Delhi

(B) Chandigarh

(C) Srinagar

(D) Leh

**18.** Which one of the following is the cause of acid rainfall ? *1*

(A) Water pollution

(B) Air pollution

(C) Land pollution

(D) Noise pollution

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

## SECTION B

**19.** "The physical and human phenomena in Geography are described in metaphors using symbols from the human anatomy." Explain the statement by giving examples. *1×3=3*

**20.** Explain how international trade can prove to be detrimental to the nations. *3*

**OR**

Explain how international trade is mutually beneficial to the nations. *3*

**21.** "Urban waste disposal has become a serious problem in India." Support the statement. *3*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**22.** निम्नलिखित तालिका का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *1+1+1=3*

***कुओं और नलकूपों द्वारा कुल शुद्ध सिंचित क्षेत्र का प्रतिशत***

| **राज्य** | **प्रतिशत** |
|---|---|
| गुजरात | 86·6 |
| राजस्थान | 77·2 |
| मध्य प्रदेश | 66·5 |
| महाराष्ट्र | 65·0 |
| उत्तर प्रदेश | 58·21 |
| पश्चिम बंगाल | 57·6 |
| तमिलनाडु | 54·7 |

(22.1) उस राज्य का नाम लिखिए जो सिंचाई के लिए भौम जल का सर्वाधिक प्रतिशत उपयोग करता है ।

(22.2) सिंचाई के लिए भौम जल के अत्यधिक उपयोग के प्रभाव क्या होंगे ?

(22.3) भारत में दिन-प्रतिदिन जल की प्रति व्यक्ति उपलब्धता क्यों घट रही है ? स्पष्ट कीजिए ।

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 22 के स्थान पर है :*

भारत में जल संसाधनों की कमी के किन्हीं तीन कारणों को स्पष्ट कीजिए । *1×3=3*

## खण्ड ग

**23.** 'मानव विकास' की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए । मानव विकास का विचार किस प्रकार समता, सततपोषणीयता, उत्पादकता और सशक्तीकरण की संकल्पनाओं पर आश्रित है ? व्याख्या कीजिए । *1+4=5*

**24.** संसार में 'उच्च प्रौद्योगिकी उद्योग' की मुख्य विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए । *1×5=5*

**अथवा**

संसार में कृषि-आधारित उद्योगों की मुख्य विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए । *1×5=5*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**22.** Study the following table carefully and answer the questions that follow : *1+1+1=3*

***Percentage of net irrigated area to total by wells and tube-wells***

| State | Percentage |
|---|---|
| Gujarat | 86·6 |
| Rajasthan | 77·2 |
| Madhya Pradesh | 66·5 |
| Maharashtra | 65·0 |
| Uttar Pradesh | 58·21 |
| West Bengal | 57·6 |
| Tamil Nadu | 54·7 |

(22.1) Name the State that uses the highest percentage of groundwater for irrigation.

(22.2) What would be the impact of excessive use of groundwater for irrigation ?

(22.3) Why is the per capita availability of water declining day-by-day in India ? Explain.

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 22 :*

Explain any three causes for the depletion of water resources in India. *1×3=3*

## SECTION C

**23.** Explain the concept of 'human development'. Elaborate how the idea of human development is supported by concepts of equity, sustainability, productivity and empowerment. *1+4=5*

**24.** Explain the main characteristics of 'high-tech industry' in the world. *1×5=5*


**OR**

Explain the main features of agro-based industries in the world. *1×5=5*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

25. निम्नलिखित मानचित्र का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *1+1+3=5*




(25.1) इस रेलमार्ग के किन्हीं दो स्टेशनों के नाम लिखिए ।

(25.2) उन दो जल खण्डों के नाम लिखिए जो इस रेलमार्ग से जुड़े हैं ।

(25.3) इस रेलमार्ग के आर्थिक महत्त्व की परख कीजिए ।


**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर है ।*

संसार में 'वायु परिवहन' के लाभों और हानियों को स्पष्ट कीजिए । *3+2=5*




collegedunia
India's largest Student Review Platform

**25.** Study the following map carefully and answer the questions that follow : *1+1+3=5*




(25.1) Name any two stations of this railway.

(25.2) Name the two water bodies that are connected by this railway.

(25.3) Examine the economic significance of this railway.

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 25.*

Explain the advantages and disadvantages of 'Air Transport', in the world. *3+2=5*




collegedunia
India's largest Student Review Platform

**26.** भारत में जनसंख्या के असम स्थानिक वितरण के कारणों का विश्लेषण कीजिए । *1×5=5*

**अथवा**

"भारत में, ग्रामीण से नगरीय क्षेत्रों में पुरुष प्रवास उच्चतर है; जबकि स्त्रियों का प्रवास ग्रामीण से ग्रामीण क्षेत्रों में उच्चतर है ।" कारण देकर इस कथन का विश्लेषण कीजिए । $2\frac{1}{2}+2\frac{1}{2}=5$

**27.** हिमाचल प्रदेश के भरमौर क्षेत्र में शुरू की गई जनजातीय विकास परियोजना के लाभों की परख कीजिए । *5*

**अथवा**

'इंदिरा गाँधी नहर कमान क्षेत्र' में पारिस्थितिकीय सततपोषणीयता प्राप्त करने के लिए उठाए गए उपायों की परख कीजिए । *5*

**28.** "भारत का अधिकतर विदेशी व्यापार समुद्री मार्गों द्वारा संचालित होता है ।" इस कथन के परिप्रेक्ष्य में भारत के विदेशी व्यापार के विकास में भारतीय पत्तनों की भूमिका की व्याख्या कीजिए । *5*

**अथवा**

भारत में 'रेलमार्गों' के विकास और महत्त्व की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । *5*

**29.** **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 21 पर) में निम्नलिखित में से किन्हीं ***पाँच*** भौगोलिक लक्षणों को उपयुक्त चिह्नों द्वारा अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *5×1=5*

(29.1) मानव विकास सूचकांक (HDI) में सबसे निम्न स्तर वाला राज्य

(29.2) कॉफ़ी का अग्रणी उत्पादक राज्य

(29.3) खेतड़ी – ताँबा खानें

(29.4) भिलाई – इस्पात संयंत्र

(29.5) तेलंगाना में सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क

(29.6) पूर्व-पश्चिम गलियारे का पश्चिमी सिरे का स्टेशन

(29.7) पंजाब में अन्तर्राष्ट्रीय वायुपत्तन



collegedunia India's largest Student Review Platform

**26.** Analyse the causes for the uneven spatial distribution of population in India. *1×5=5*

**OR**

"In India, male migration is higher from rural to urban areas while female migration is higher from rural to rural areas." Analyse the statement by giving reasons. $2\frac{1}{2}+2\frac{1}{2}=5$

**27.** Examine the advantages of Tribal Development Project, launched in Bharmour region of Himachal Pradesh. *5*

**OR**

Examine the measures to be undertaken to achieve ecological sustainability in the 'Indira Gandhi Canal Command Area'. *5*

**28.** "Most of India's foreign trade is carried through sea." In the light of this statement, explain the role of Indian ports in the development of India's foreign trade. *5*

**OR**

Explain with examples the development and significance of 'Railways' in India. *5*

**29.** On the given political outline map of **India** (on page 21), locate and label any ***five*** of the following geographical features with appropriate symbols : *5×1=5*

(29.1) The State with lowest level of Human Development Index (HDI)

(29.2) The leading coffee producing State

(29.3) Khetri – Copper mines

(29.4) Bhilai – Steel plant

(29.5) The Software Technology Park in Telangana

(29.6) The western terminal station of East-West Corridor

(29.7) The international airport in Punjab



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर हैं । किन्हीं* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए :*

(29.1) मानव विकास सूचकांक (HDI) में सबसे कम स्तर वाले राज्य का नाम लिखिए ।

(29.2) कॉफ़ी के अग्रणी उत्पादक राज्य का नाम लिखिए ।

(29.3) खेतड़ी ताँबा खानें किस राज्य में स्थित हैं ?

(29.4) भिलाई इस्पात संयंत्र किस राज्य में स्थित है ?

(29.5) तेलंगाना में स्थित सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क का नाम लिखिए ।

(29.6) पूर्व-पश्चिम गलियारे के पश्चिमी सिरे के स्टेशन का नाम लिखिए ।

(29.7) पंजाब में अन्तर्राष्ट्रीय वायुपत्तन का नाम लिखिए । *5×1=5*

**30.** **संसार** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 23 पर), में पाँच भौगोलिक लक्षणों को Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ तथा Ⓔ से दिखाया गया है । उनकी पहचान निम्नलिखित जानकारी की मदद से कीजिए और उनके सही नाम उनके पास खींची गई रेखाओं पर लिखिए : *5×1=5*

A. विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि का क्षेत्र

B. प्रमुख समुद्री-पत्तन

C. नौ परिवहन नहर

D. उत्तर अमेरिका में सबसे बड़ा देश

E. औद्योगिक प्रदेश

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर हैं :*

(30.1) यूरेशिया में विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि क्षेत्र का नाम लिखिए ।

(30.2) अफ्रीका में किसी एक प्रमुख समुद्री-पत्तन का नाम लिखिए ।

(30.3) उत्तर अमेरिका में अंतःस्थलीय जलमार्ग का उल्लेख कीजिए ।

(30.4) उत्तर अमेरिका में सबसे बड़ा देश कौन-सा है ?

(30.5) संयुक्त राज्य अमेरिका के किसी एक औद्योगिक क्षेत्र का नाम लिखिए । *5×1=5*


collegedunia
India's largest Student Review Platform

**Note :** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. 29. Attempt any **five** questions :*

(29.1) Name the State having the lowest level of Human Development Index (HDI).

(29.2) Name the leading coffee producing State.

(29.3) In which State are the Khetri copper mines located ?

(29.4) In which State is Bhilai steel plant located ?

(29.5) Name the Software Technology Park located in Telangana.

(29.6) Name the western terminal station of East-West Corridor.

(29.7) Name the International Airport in Punjab. *5×1=5*

**30.** On the given political outline map of the **World** (on page 23), five geographical features have been marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ and Ⓔ. Identify them with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them : *5×1=5*

A. An area of extensive commercial grain farming

B. A major sea-port

C. The shipping canal

D. The largest country in North America

E. An industrial region

**Note :** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. 30 :*

(30.1) Name an area of extensive commercial grain farming in Eurasia.

(30.2) Name any major sea-port in Africa.

(30.3) Mention an inland waterway in North America.


(30.4) Which is the largest country in North America ?

(30.5) Name any one industrial region of United States of America. *5×1=5*



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform







collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform






collegedunia
India's largest Student Review Platform